web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 19 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 169

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों व सुरक्षा बलों में मुठभेड़

**श्रीनगर(आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के मित्रीगाम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, पुलवामा के मित्रीगाम इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल अपना काम कर रहे हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में इनपुट मिलने के बाद सुरक्षा बल वहां पहुंचे। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, सुरक्षा बलों ने इसका जवाब दिया। हाल के दिनों में कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई है। इसमें कुछ आतंकवादी मारे गए।

### ईडी आज आबकारी मामले में पिल्लई व वाईएसआर कांग्रेस सांसद का करा सकती है सामना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आज वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी और अरुण रामचंद्र पिल्लई का आमना-सामना करा सकती है। जांच एजेंसी ने शनिवार को जांच में शामिल होने के लिए रेड्डी को तलब किया था। सांसद के बेटे मगुनता राघव रेड्डी को पहले घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में दावा किया है कि विजय नायर ने आप के नेताओं की ओर से साउथ ग्रुप से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली, इसके प्रमुख मगुनता श्रीनिवासुलु रेड्डी, राघव मगुन्टा, सरथ रेड्डी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता हैं। ईडी ने पंजाब के व्यवसायी गौतम मल्होत्रा और विजय नायर के सहयोगी राजेश जोशी को गिरफ्तार किया था। यह आरोप लगाया गया था कि जोशी ने गोवा चुनाव के लिए नायर से पैसे लिए थे। ईडी ने आरोप लगाया है कि यह पैसा आबकारी नीति घोटाले के माध्यम से उत्पन्न अपराध की आय थी। उनसे पूछताछ के बाद मगुनता राघव रेड्डी को गिरफ्तार किया गया था।

### शर्मनाक : सरकारी अस्पताल में वार्ड में घुसकर महिला मरीज से रेप, आरोपी गिरफ्तार

**कलबुर्गी (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाली घटना में कलबुर्गी के सरकारी अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज के साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को दूसरे शख्स ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान महबूब पाशा के रूप में हुई है। यह घटना गुलबर्गा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमस) में हुई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात 11 बजे आरोपी वार्ड में घुसा और घटना को अंजाम दिया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद एक शख्स ने उसे पकड़ लिया और अधिकारियों को सौंप दिया। पीड़ित महिला का सात माह से अस्पताल में इलाज चल रहा है। ब्रह्मपुरा पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने की मांझिनगढ़ को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने की घोषणा

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को दिया आशीर्वाद

- भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री
- 154 करोड़ से अधिक के 145 विभिन्न विकास कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन



**रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बांसकोट में केशकाल विधानसभा के ग्राम बांसकोट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा की स्थापना, मांझीनगढ़ पर्यटन स्थल को जैव विविधता पार्क के रूप में जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने तथा उप स्वास्थ्य केंद्र गम्हरी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन करने के साथ ही बांसकोट में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने एवं साहू सदन बाँसकोट में आहाता निर्माण की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए केशकाल में इंडोर स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कोंडागांव जिले के बांसकोट में भक्त माता कर्मा जयंती तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले में 154 करोड़ के 145 विभिन्न कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

साथ ही मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम,बस्तर सांसद दीपक बैज, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों जैसे देवगुड़ी, मातागुड़ी एवं घोटुल की भूमि को संरक्षित रखने हेतु कुल 436 सामुदायिक वन अधिकार पत्र ग्रामीणों को प्रदान किये गए तथा साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा को नमन किया उन्होंने कहा कि आज भक्त माता कर्मा जी की 1007 वीं जयंती हम सब मना रहे हैं। आज प्रदेश भर में बेमौसम बारिश हुई है जिससे असुविधा हुई है परंतु इस बारिश से किसी प्रकार से उत्साह में कमी नहीं आई है। पूरे हर्षोल्लास के साथ माता कर्मा जी की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने माता कर्मा का जो योगदान है उसे समाज कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने एकता में ही ताकत के आधार पर समाज को संगठित किया और एक नई दिशा प्रदान की।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके दी जा रही सहायता राशि को हमने 15 हजार से बढ़कर 25 हजार किया था और वर्तमान बजट में इसे बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रावधान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सुपोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से आए सकारात्मक बदलावों पर प्रशंसा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की चर्चा पूरे देश में हो रही है और उसके पीछे सभी समाज के साथ-साथ साहू समाज का भी बड़ा योगदान है। हमने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ 4 साल पहले एक नई यात्रा की शुरुआत की थी, हमारी सरकार ने किसानों, मजदूरों तथा परंपरागत व्यवसाय करने वाले मेहनतकश कारीगर और महिलाओं के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव जिले में ही 29 हजार 939 किसानों के कुल 116 करोड़ 34 लाख 72 हज़ार कर्ज माफ हुए हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी प्रदेश सहित जिले के किसानों को लाभ मिल रहा है। किसान हितैषी सरकार ने इस वर्ष सर्वाधिक धान खरीदी का नया कीर्तिमान रचते हुए प्रदेश में 107 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की है। लघु वनोपज खरीदी हो या फिर गोबर से प्राकृतिक पेंट या बिजली उत्पादन करने की बात हो, इसका लाभ जरूरतमंदों को मिल रहा है और उनकी आय बढ़ी है।

कार्यक्रम को सांसद दीपक बैज ने माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार ने हर व्यक्ति और समाज के विकास के लिए कार्य किया है। बस्तर की पहचान अब देश विदेश में होनी लगी है। क्षेत्र के दंतेवाड़ा का डेनेक्स के कपड़ा, लघु वनोपज महुआ इमली और मिलेटस की माँग देश विदेश में हो रहा है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से लोंगों की आय में वृद्धि होने से बैंकों की माँग होने लगी है। सरकार ने बस्तर की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए देवगुड़ी मातागुड़ी घोटूल का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। संभाग के जिलों में सभी समाजों के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा कि कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बारिश की वजह से मुख्यमन्त्री वर्चुअल शामिल हुए इसके मुख्यमन्त्री का आभार। क्षेत्र के विकास के लिए भेंट मुलाक़ात के दौरान मुख्यमन्त्री द्वारा किए घोषणा को पूरा किया जा रहा है।

## ब्राजील से आए यात्री के पेट में मिली 11 करोड़ की कोकीन, आईजीआई एयरपोर्ट पर दबोचा



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में ब्राजील से आए एक यात्री के पास से 752 ग्राम कोकीन की गोलियां बरामद हुई हैं जिसकी कीमद 11 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने आरोपी व्यक्ति को कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान यात्री के पेट से 11 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद हुई है। यह कोकीन उसने कैप्सूल में भरकर अपने पेट के अंदर छुपा रखी थी। ड्रग्स की यह खेप वह दुबई ले जाने वाला था।

कस्टम विभाग के संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार के अनुसार, बीते 11 मार्च को उनकी टीम ने एक गुप्त सूचना पर ब्राजील के नागरिक को पकड़ा था। वह ब्राजील से दुबई गया था और वहां से दूसरे विमान में सवार होकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। यहां से वह ग्रीन चैनल की तरफ गया जहां शक होने पर कस्टम विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया।

उसका एक्स-रे करवाया गया, जिसमें उसके शरीर में कुछ संदिग्ध सामान देखा गया। इसके बाद डॉक्टरों की मदद से उसके पेट से 85 कैप्सूल बरामद किए गए। इसके अंदर 752 ग्राम पाउडर भरा हुआ था। इसकी जांच करने पर पता चला कि यह कोकीन है। इसे लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर एसआईए ने कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों ने कहा कि एसआईए की छापेमारी श्रीनगर, कुलगाम, अनंतनाग और शोपियां जिलों में विभिन्न स्थानों पर हो रही है। सूत्रों ने कहा कि ये छापे एजेंसी के पास दर्ज एक मामले की जांच का हिस्सा हैं। शोपियां जिले में, एसआईए के अधिकारियों ने शोपियां जिले के जैनपोरा इलाके में विवादास्पद धार्मिक उपदेशक सर्जन बरकती के घर पर छापा मारा।

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा हादसा, अवंतीपोरा में बस पलटने से 4 लोगों की दर्दनाक मौत- कई घायल



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में शनिवार को दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। यहां जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर एक बस पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन इलाजरत कुछ यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घटना पर स्वत: संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मरने वाले सभी यात्री बिहार के निवासी बताये जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, 4 यात्री से 2 कटिहार, एक पश्चिमी चंपारण और एक किशनगंज के रहने वाले थे। मरने वालों की पहचान इस्लाम अंसारी पश्चिमी चंपारण का, शिवू सिंघारी किशनगंज का और मोहम्मद अलाउद्दीन और माजकुरुल कटिहार के निवासी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि अवंतीपोरा के गोरीपोरा इलाके में बस पलट गयी। इस हादसे में कई यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य यात्री की एसडीएच पंपोर में जान चली गयी। इस हादसे में मारे गये सभी यात्री बिहार के निवासी बताये जा रहे हैं।

## मोदी-हसीना आज करेंगे भारत-बांग्लादेश मैत्री डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन, 10 लाख मीट्रिक टन सालाना की क्षमता



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के बीच पहली सीमा पार तेल पाइपलाइन का उद्घाटन करने का कार्यक्रम शाम 5 बजे तय किया गया है।

बता दें कि इस पाइपलाइन को 377 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। बांग्लादेश के पाइपलाइन के हिस्से की लागत 285 करोड़ रुपया है। भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन 131.5 किलोमीटर लंबी है और इसका इस्तेमाल भारत से बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति के लिए किया जाएगा।

इस मैत्री पाइपलाइन की मदद से डीजल की आपूर्ति इस साल जून में प्रायोगिक आधार पर शुरू होगी। इस परियोजना का निर्माण भारत की अनुदान राशि की मदद से 2018 में शुरू हुआ। वहीं भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन से हर साल उत्तरी बांग्लादेश के सात जिलों में 1 मिलियन मीट्रिक टन हाई-स्पीड डीजल की सप्लाई की जाएगी।

पीएम मोदी के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का संचालन भारत से बांग्लादेश तक एचएसडी (हाई-स्पीड डीजल) के परिवहन के लिए एक स्थाई, भरोसेमंद, कम लागत वाला और पर्यावरण के अनुकूल साधन तैयार करेगा और ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग को और बढ़ाएगा।

## चीन सीमा पर कम नहीं होगी सैनिकों की संख्या, आर्मी चीफ बोले- हालात स्थिर, लेकिन नजर रखने की जरूरत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी लद्दाख में चीन से लगी सीमा पर गत 3 साल से गतिरोध कायम है। भारत के साथ चीन ने भी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती कर रखी है। इस गतिरोध के बीच भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे का कहना है कि रूग्ष्ट पर वर्तमान में हालात स्थिति हैं और शांति कायम है, लेकिन पूरे मामले पर करीबी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चीन सीमा पर सैनिकों की संख्या कम नहीं की जाएगी। जनरल पांडे ने 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में कहा कि भारतीय सेना ने एलएसी के नजदीक सैनिकों की तैनाती बढ़ाई है और किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, मैं कहना चाहता हूं कि एलएसी पर हालात स्थिर हैं, लेकिन हमें पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रखने की जरूरत है।' जनरल मनोज पांडे ने कहा कि जहां तक पड़ोसी देश द्वारा सैनिकों की तैनाती का सवाल है, तो उसमें भी कोई कमी नहीं आई है। पड़ोसी देश का (चीन) अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर है, खासतौर पर एलएसी के निकट तैनाती के संदर्भ में। भारतीय सेना भी आधुनिकरण के दौर से गुजर रही है और हम हर स्तर पर नई तकनीक को तेजी से अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए चीन के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं।

थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि जब तक समाधान नहीं हो जाता, सैनिकों की तैनाती और सतर्कता उच्च स्तर पर बनी रहेगी। सेना प्रमुख ने आशा व्यक्त की कि चीन के साथ कूटनीतिक और सैन्य वार्ता से पूर्वी लद्दाख में रणनीतिक रूप से स्थित डेपसांग मैदानों और डेमचोक में शेष टकराव वाले बिंदुओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत और एक-दूसरे से बात करके ही हम कोई समाधान निकाल सकते हैं। टकराव प्वाइंट पर हमारा उद्देश्य और प्रयास यही है कि जब तक ऐसा होता है, तब तक हमारे बलों की तैनाती, सतर्कता का स्तर उच्च स्तर पर बना रहेगा।

## मुरैना में बड़ा हादसा: पैदल चंबल पार कर रहे 7 श्रद्धालु बहाव में बहे; अब तक तीन शव बरामद



**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में आज सुबह चंबल नदी में उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब पैदल इस नदी को पार कर राजस्थान जा रहे लगभग डेढ़ दर्जन लोगों में से सात लोग पानी के बहाव में बह गए। हादसे में अब तक तीन लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। प्रशासन शेष के शव तलाशने में जुटा हुआ है।

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने शुरुआती जानकारी के हवाले से बताया कि राजस्थान मध्यप्रदेश सीमा पर सबलगढ़ अनुविभाग के टहटरा थाने स्थित चंबल के राजिया घाट से लगभग 17 लोग राजस्थान स्थित कैला देवी माता के दर्शन करने पैदल नदी पार कर के जा रहे थे। इस दौरान सात लोग पानी के बहाव में बह गए। इनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष की तलाश जारी है। प्रशासन लगातार बचाव कार्य में जुटा है। आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंबल नदी में हुए दुखद हादसे का संज्ञान लिया और हादसे पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि चंबल नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन आवश्यक संसाधन के साथ घटनास्थल पर है, एसडीआरएफ की टीम पहुंच रही है, स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से नदी में बह गए लोगों की तलाश की जा रही है। रेस्क्यू एवं आवश्यक मदद की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ द्वारा की जा रही है।

## एनटीपीसी को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि में निवेश के लिए सरकार से मिली ढील




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईएस) ने हरित ऊर्जा के लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से एनटीपीसी लि को अपनी अनुषंगी हरित ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) में निवेश करने के लिए उसे महारत्न का दर्जा प्राप्त केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को निवेश का अधिकार देने संबंधी वर्तमान दिशानिर्देशों से छूट दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीईए की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी देते हुए सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सीसीईए ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल) और उसके अन्य संयुक्त उद्यमों अथवा अनुषंगी कंपनियों में एनजीईएल के निवेश के लिए भी भी छूट दी है। यह छूट 5,000 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा से ऊपर 7,500 करोड़ रुपये तक के लिए होगी और कंपनी के निवल मूल्य के 15 प्रतिशत की सीमा के अधीन होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय एनटीपीसी लिमिटेड के 20232 तक 60,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता के लक्ष्य के मद्देनजर किया गया है।

एनटीपीसी लि ने अपनी हरित ऊर्जा परियोजनाओं को अपनी नवगठित अनुषंगी एनजीईएल में हस्तांतरित कर दिया है। इन अनुषंगी पर एनटीपीसी का पूर्ण नियंत्रण है।

भारत जलवायु परिवर्तन पर संयुक्तराष्ट्र के सम्बद्ध पक्षों के सम्मेलन सीओपी 26 में 2027 तक कार्बन उत्सर्ज के स्तर में वृद्धि को शुद्ध रूप से शून्य करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, भारत अपने विकास लक्ष्यों को पूरा करते हुए कम कार्बन उत्सर्जन की दिशा में काम कर रहा है। देश 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लाख मेगावाट तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और देश की अग्रणी विद्युत उपयोगिता के रूप में।

एनजीईएल इसके पास 2,861 मेगावाट की 15 आरई परिसंपत्तियां हैं, जो वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) के करीब परिचालन कर रही हैं और अपनी सहायक कंपनी एनआरईएल (एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड) के माध्यम से अपने आरई पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए तैयार है।